>**Title:** Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh for construction of a bridge on river Ganga at Kalakankar in Pratapgarh Constituency-Laid.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ): मैं अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ अन्तर्गत कालाकांकेर के पास गंगा नदी पर पुल के अभाव की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं। इस नदी पर पुल के अभाव में कई जिलों का सम्पर्क नहीं हो रहा है और दूसरे जिलों पर जाने के लिए इलाहाबाद, जो 70 किलोमीटर या डलमऊ जाना पड़ता है, जो 60 किलोमीटर है। इस पुल के निर्माण से फैजाबाद से चित्रकूट जाने और सुल्तानपुर और आसपास जिलों के बीच एक आसान सम्पर्क मार्ग बन जाएगा जिससे कम समय पर अधिक दूरी का माग्र तय किया जा सकता है। साथ ही इस मार्ग से जी.टी. मार्ग केवल आठ किलोमीटर की दूरी पर है और जी.टी. मार्ग पर जो यातायात जाम हो जाता है, उसको भी रोका जा सकता है। इस स्थल पर गंगा नदी पर पुल बनने से आसपास के जिलों को विकास का पूरा अवसर मिलेगा।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि कालाकांकेर के पास गंगा नदी पर पुल शीघ्र बनाने की पहल की जाये तथा इसके लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाये।